मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

वेबसाइट - www.mpmandiboard.gov.in ईमेल आईडी - niyaman.mpsamb@gmail.com

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/MP-Online-476पार्ट/650 भोपाल, दिनांक 08/~~10~~ 11/2024

प्रति,

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय............(समस्त)।

विषय - MP-Online LSG Portal पर अनुज्ञप्ति आवेदन / अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्रों में संशोधन तथा Existing व्यापारी का डेटा अपलोड करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत समस्त मंडी समितियों से समय-समय पर प्राप्त हो रहे पत्रों के समयसीमा में निराकरण के लिए निम्नानुसार प्रक्रिया निर्धारित की जाती है -

1. संबंधित मंडी समितियां इस संबंध में अपने पत्र आंचलिक कार्यालय में प्रेषित करेंगी। इन आवेदनों के साथ जानकारी Signed Copy और Excel में Soft Copy आवश्यकतानुसार भी प्रेषित करना आवश्यक होगा। मंडी समितियों के द्वारा मुख्यालय में इस संबंध में कोई आवेदन सीधे प्रेषित नहीं किया जाएगा और ना ही किसी प्रकरण विशेष के संबंध में मुख्यालय में संपर्क ही किया जाएगा।

2. आंचलिक कार्यालय अपने अधीनस्थ मंडी समितियों से प्रतिदिन प्राप्त रहे पत्र (सभी अधीनस्थ मंडियों के पत्र, जो भी हो), संकलित कर, अपने कवरिंग लेटर के साथ दैनिक आधार पर उसी कार्यदिवस में अथवा यथासंभव आगामी कार्यदिवस में मुख्यालय में ईमेल आईडी - ddsdhmpsamb@gmail.com पर प्रेषित करेंगे। अन्य किसी ईमेल आईडी पर पत्र प्रेषित किए जाने की स्थिति में विलंब हेतु मुख्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

3. आंचलिक कार्यालयों से प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण, आगामी कार्यदिवस में अनिवार्यतः किया जाकर, आंचलिक कार्यालय को तत्काल ईमेल के माध्यम से अवगत करा दिया जाएगा। तदोपरांत संबंधित मंडी समितियां आवश्यक कार्यवाही कर सकेंगी।

उपरोक्तानुसार प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए।

28/10/24

संयुक्त संचालक (नियमन)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/MP-Online-476पार्ट/651 भोपाल, दिनांक 08/~~10~~ 11/2024

प्रतिलिपि -

सचिव कृषि उपज मंडी समिति (समस्त) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। मंडी समितियों के द्वारा कोई जानकारी सीधे मुख्यालय को प्रेषित नहीं की जाए।

28/10/24

संयुक्त संचालक (नियमन)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Office_Docs_Sojal